देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 25 मार्च 2025। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक आज नालंदा परिसर, में सम्पन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु विश्वविद्यालय का वार्षिक बजट कार्यपरिषद् द्वारा पारित किया गया। वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभिन्न मदों के अंतर्गत रू. 568 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

बैठक में माननीय कुलगुरु प्रो. राकेश सिंघई जी द्वारा रखे गए प्रस्ताव, खंडवा रोड स्थित आई.ई.टी. परिसर के नाम को ''विक्रमशिला परिसर'' करने को मान्य किया गया साथ ही निर्णय लिया गया कि इस परिसर में भी माँ अहिल्या की मूर्ति की स्थापना की जायेगी। विश्वविद्यालय द्वारा जून 2025 में पी.एच.डी. प्रवेश परीक्षा डी.ई.टी. के आयोजन को स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को शैक्षणिक कार्य हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने स्वीकृति प्रदान की।

कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. वैशाली वाईकर जी ने प्रस्ताव दिया कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों हेतु ''सेन्टर फॉर वेलबींइग'' की स्थापना की जानी चाहिए । सदस्य श्री अनंत पंवार जी ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत नृत्य, संगीत एवं अन्य विधाओं हेतु परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग स्थापित किया जाना चाहिए। इन दोनो प्रस्ताव को कार्यपरिषद् द्वारा मान्य किया गया।

कार्यपरिषद् की बैठक में विश्वविद्यालय के शिक्षकों की कैरियर एडवांसमेंन्ट स्कीम के अंतर्गत पदोन्नति से संबंधित चयन समिति की अनुशंसा के लिफाफे खोले गए। आई. आई.पी.एस., आय.एम.एस., अर्थशास्त्र अध्ययनशाला, फार्मेसी एवं मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेन्टर सहित लगभग 35 शिक्षकों की पदोन्नति को कार्यपरिषद् ने मान्य किया।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी